रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/99 REGISTERED No. DL—33001/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सत्यमेव जयते

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

केन्द्रीय सचिवालय ग्रन्थालय
CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY
GOVT. OF INDIA
भारत सरकार

सं० 48] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 27, 1999 (अग्रहायण 6, 1921)
No. 48] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 27, 1999 (AGRAHAYANA 6, 1921)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

यूको बैंक सामान्य विनियमावली, 1998

प्रधान कार्यालय, 10, बिप्लवी त्रैलोक्य महाराज सरणी
(ब्रेबोर्न रोड) कलकत्ता-700 001

बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन तथा अन्तरण) अधिनियम 1970 की धारा 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों को प्रयुक्त करते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक से परामर्श करने के पश्चात् तथा केन्द्र सरकार की पूर्व स्वीकृति से यूको बैंक के निदेशक मंडल ने एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाए हैं जो इस प्रकार हैं :—

प्रस्तावना

1. संक्षिप्त शीर्षक तथा प्रारम्भ :—

(1) इन विनियमों को यूको बैंक सामान्य विनियमावली 1998 कहा जाएगा।

(2) ये विनियम सरकारी राजपत्र (गजट) में प्रकाशित होने की तारीख से प्रभावी होंगे।

2. परिभाषाएं : इन विनियमों में जब तक कि विषय या संदर्भ या उसके तात्पर्य के विरुद्ध कुछ न हो :—

(क) "अधिनियम" से अभिप्रेत है बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन तथा अंतरण) अधिनियम 1970 (1970 का 5);

(ख) "बैंक" से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत यूको बैंक;

(ग) "मंडल" से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 9 के अंतर्गत गठित निदेशक मंडल;

(घ) "अध्यक्ष" से अभिप्रेत है मंडल का अध्यक्ष;

(च) "समिति" से अभिप्रेत है मंडल द्वारा गठित समिति;

(छ) "कार्यपालक निदेशक" से अभिप्रेत है पूर्णकालिक निदेशक जो प्रबंध निदेशक नहीं है;

(ज) "महाप्रबंधक" से अभिप्रेत है बैंक के महाप्रबंधक;

(झ) "प्रबंधन समिति" से अभिप्रेत है योजना के खण्ड 13 के अंतर्गत गठित समिति;

(ट) "प्रबंध निदेशक" से अभिप्रेत है बैंक का प्रबंध निदेशक;

(ठ) "रजिस्टर" से अभिप्रेत है बैंक की एक या अधिक बहियों में रखा गया शेयरधारकों का रजिस्टर तथा इसमें अधिनियम की धारा 3 की उप धारा (2बी) के अंतर्गत कम्प्यूटर प्रणाली या डिस्क में रखे गए शेयर धारकों के रजिस्टर भी सम्मिलित हैं;

(ड) "रजिस्ट्रार" से अभिप्रेत है बैंक द्वारा निम्न कार्यों के लिए नियुक्त व्यक्ति :—

(1) किसी निर्गम के संबंध में निवेशकों से आवेदन स्वीकारना,

(2) निवेशकों से प्राप्त आवेदनों तथा राशियों का या प्रतिभूति के निवेशकों को प्रदत्त राशि/राशियों का उचित रिकार्ड रखना।

iii) बैंक को निम्नलिखित कार्यों में सहायता करना

क) स्टॉक एक्सचेंज के परामर्श से प्रतिभूतियों के आबंटन का आधार निश्चित करना

ख) प्रतिभूतियों के आबंटन हेतु पात्र व्यक्तियों की सूची को अंतिम रूप देना

ग) आबंटन पत्र, रिफंड ऑर्डर या प्रमाणपत्र तथा निर्गम से संबंधित अन्य दस्तावेज तैयार करना तथा प्रेषित करना तथा

iv) अन्य कार्य जो समय-समय पर बैंक द्वारा सौंपे जाएंगे।

ढ) "योजना" से अभिप्रेत है राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन तथा विविध प्रावधान) योजना, 1970

त) "शेयर" से अभिप्रेत है बैंक की शेयर पूंजी में शेयर

थ) "शेयर हस्तांतरण एजेंट" में निम्नलिखित समाविष्ट हैं :-

i) कोई व्यक्ति जो बैंक द्वारा जारी प्रतिभूति के धारकों का रिकॉर्ड बैंक की ओर से रखता हो तथा बैंक की प्रतिभूतियों के हस्तांतरण तथा प्रतिदान (रिडेम्पशन) से संबंधित सभी मामले देखता हो, या

ii) बैंक का विभाग या प्रभाग (चाहे जिस नाम से बुलाया जाए) जो उपखंड (i) में संदर्भित गतिविधियों का निष्पादन करता हो

द) इन विनियमों में अपरिभाषित परंतु निक्षेपागार (डिपॉजिटरीज) अधिनियम, 1996 (1996 का अधिनियम 22) में परिभाषित अध्याय-III में प्रयुक्त शब्दों तथा अभिव्यक्तियों का क्रमशः वह अर्थ होगा जो अधिनियम में दिया गया है।

ध) इन विनियमों में प्रयुक्त अन्य अभिव्यक्तियां जिन्हें परिभाषित नहीं की गई हैं या योजना का अर्थ इस अधिनियम में इसके साथ क्रम से दिया हुआ अर्थ समझा जाएगा या योजना समझा जाएगा।

.....

शेयर तथा शेयर रजिस्टर

3. **शेयरों का स्वरूप** — बैंक के शेयर चल संपत्ति होंगे तथा इन विनियमों में बताए गए अनुसार हस्तांतरणीय होंगे।

4. **शेयर पूंजी के प्रकार** —

i) अधिमान शेयर पूंजी का तात्पर्य है बैंक की शेयर पूँजी का वह भाग जो निम्नलिखित दोनों शर्तें पूरी करता हो :-

अ) लाभांश के संबंध में, एक निश्चित राशि या निश्चित दर पर परिकलित राशि, जो आयकर मुक्त या आयकर के अधीन हो सकती है, के भुगतान का अधिमान हक होता है तथा

आ) पूँजी के संबंध में, समापन होने पर या पूँजी का पुनर्भुगतान किए जाने पर प्रदत्त पूंजी या प्रदत्त समझी जाने वाली पूंजी की राशि का पुनर्भुगतान प्राप्त करने का अधिमान हक होता है या होगा चाहे निम्न में से कोई या दोनों राशियों के भुगतान का अधिमान हक है या नहीं, अर्थात्

क) खंड (अ) में विनिर्दिष्ट राशियों के संबंध में समापन या पूंजी के पुनर्भुगतान की तारीख तक अदत्त कोई राशि

ख) केन्द्र सरकार की पूर्व सहमति से मंडल द्वारा विनिर्दिष्ट निश्चित प्रीमियम या किसी निश्चित पैमाने पर प्रीमियम

ii) 'इक्विटी शेयर पूंजी' से अभिप्रेत है संपूर्ण शेयर पूंजी जो अधिमान शेयर पूंजी नहीं है।

iii) अभिव्यक्ति "अधिमान शेयर" तथा 'इक्विटी शेयर' का तदनुसार अर्थ लगाया जाएगा।

5. **रजिस्टर में दर्ज किए जाने वाले विवरण** —

i) अधिनियम की धारा 3 उप धारा (2एफ) के अनुसार एक शेयर रजिस्टर होगा जिसे अनुरक्षित तथा अद्यतन रखा जाएगा।

ii) अधिनियम की धारा 3 उप धारा (2 एफ) में विनिर्दिष्ट विवरणों के अतिरिक्त मंडल द्वारा विनिर्दिष्ट अन्य विवरण रजिस्टर में दर्ज किए जाएंगे।

iii) यदि किसी शेयर के संयुक्त धारक हों तो उनके नाम तथा उप विनियम (i) द्वारा अपेक्षित उनके अन्य विवरण ऐसे संयुक्त धारकों के पहले धारक के नाम के साथ जोड़े जाएंगे।

iv) अधिनियम की धारा 3 की उप धारा (2डी) के प्रावधानों के अधीन, भारत के बाहर निवास करने वाला शेयरधारक बैंक को भारत का कोई पता दे सकता है और ऐसा कोई भी पता रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा तथा अधिनियम तथा इन विनियमों के प्रयोजनार्थ वह उसका पंजीकृत पता माना जाएगा।

v) किसी न्यास (ट्रस्ट) की स्पष्ट, अव्यक्त या परिलक्षित कोई भी सूचना रजिस्टर में दर्ज नहीं की जाएगी या बैंक द्वारा स्वीकार्य नहीं होगी।

6. शेयरों तथा रजिस्टरों पर नियंत्रण —

अधिनियम तथा इन विनियमों के प्रावधानों के अधीन तथा समय-समय पर मंडल (बोर्ड) द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार बैंक के प्रधान कार्यालय में रजिस्टर होगा तथा उसे अनुरक्षित रखा जाएगा और मंडल (बोर्ड) के नियंत्रणाधीन होगा और कोई व्यक्ति किसी शेयर के संबंध में शेयरधारक के रूप में पंजीकृत होने का पात्र है या नहीं इसके संबंध में मंडल (बोर्ड) का निर्णय अंतिम होगा।

7. वे पार्टियाँ जिन्हें शेयरधारक के रूप में पंजीकृत नहीं किया जा सकता —

i) इन विनियमों द्वारा किए गए अन्यथा प्रावधानों को छोड़कर, वे सभी व्यक्ति जो संविदा करने हेतु अक्षम हैं, शेयरधारक के रूप में पंजीकृत किए जाने हेतु पात्र नहीं हैं तथा इस संबंध में मंडल का निर्णय निश्चायक तथा अंतिम होगा।

ii) फर्मों के मामले में, अलग-अलग भागीदारों (पार्टनरों) के नाम में शेयर पंजीकृत किए जा सकते हैं तथा कोई भी फर्म इस प्रकार शेयर धारक के रूप में पंजीकृत किए जाने की पात्र नहीं होगी।

8. कम्प्यूटर प्रणाली में शेयर रजिस्टर इत्यादि रखना —

i) अधिनियम की धारा 3 उप धारा (2एफ) के अंतर्गत शेयर रजिस्टर में दर्ज किए जाने वाले तथा विनियम 5 में उल्लिखित विवरणों को प्रधान कार्यालय में रखे जाने वाले कम्प्यूटर में डिस्क, फ्लॉपी के माध्यम से या अन्यथा (इसके पश्चात् "मीडिया" कहा गया है) मैग्नेटिक/ऑप्टिकल/मैग्नेटों ऑप्टिकल मीडिया में डाटा रूप में संग्रहित किया जाएगा तथा अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक या अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक द्वारा इस संबंध में विनिर्दिष्ट महाप्रबंधक की श्रेणी के किसी अधिकारी द्वारा (इसके पश्चात् "विनिर्दिष्ट अधिकारी" कहा गया है) समय-समय पर निश्चित किए गए स्थान पर बैक अप को रखा जाएगा।

ii) निक्षेपागार (डिपॉजिटरीज) अधिनियम, 1996 की धारा 11 के साथ पढ़ी गई अधिनियम की धारा 3(बी) के अंतर्गत शेयर रजिस्टर में दर्ज किए जाने वाले विवरण निर्धारित स्वरूप तथा प्रकार से इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखे जाएंगे।

9. कम्प्यूटर प्रणाली की सुरक्षा हेतु उपाय —

i) विनियम 8 (i) के अनुसार जहां डाटा संग्रहित किया गया है उस प्रणाली में निर्गम के रजिस्ट्रार और/या शेयर हस्तांतरण एजेंट सहित केवल उन्हीं लोगों को प्रवेश दिया जाएगा जो अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक या विनिर्दिष्ट अधिकारी द्वारा इस संबंध में अधिकृत होंगे तथा "पासवर्ड" यदि कोई हो, और इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा नियंत्रण प्रणाली उक्त व्यक्तियों की अभिरक्षा में तथा गोपनीय रखी जाएगी।

ii) अधिकृत व्यक्तियों द्वारा प्रवेश को कम्प्यूटर प्रणाली द्वारा लॉग में रिकॉर्ड किया जाएगा और अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक या विनिर्दिष्ट अधिकारी द्वारा इस संबंध में निर्दिष्ट अधिकारी/व्यक्ति के पास ये लॉग संरक्षित किए जाएंगे।

iii) शेयरधारकों के रजिस्टर में परिवर्तन करते हुए निकाले जाने योग्य मीडिया पर बैक अप की प्रतियां ऐसे अंतरालों पर ली जाएंगी जो अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक या विनिर्दिष्ट अधिकारी द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जाएगी। इन प्रतियों में से कम से कम एक प्रति ऐसे स्थान पर रखी जाएगी जो उस परिसर से भिन्न होगा जहां प्रोसेसिंग की जा रही है। यह प्रति लॉकिंग व्यवस्था सहित अग्नि-अवरोधक वातावरण में तथा आवश्यक तापमान पर संग्रहित की जाएगी। दोनों स्थानों के बैक अप के लिए प्रवेश केवल उन्हीं व्यक्तियों को दिया जाएगा जो इस संबंध में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक या विनिर्दिष्ट अधिकारी द्वारा अधिकृत होंगे। इस प्रकार अधिकृत व्यक्ति उस स्थान पर रखे गए रजिस्टर में अपने प्रवेश को हाथ से दर्ज करेंगे।

iv) अधिकृत व्यक्तियों का यह कर्तव्य होगा कि वे बैक अप की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए यथोचित सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए बैक-अप के डाटा की तुलना कम्प्यूटर प्रणाली के डाटा से करें। इस प्रक्रिया का परिणाम प्रयोजनार्थ रखे गए रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा।

v) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के लिए यह उचित होगा कि वे तकनीकी विकास, और/या स्थिति की आवश्यकताओं या किसी अन्य संबंधित तर्क पर ध्यान देते हुए कम्प्यूटर प्रणाली में शेयरधारकों के रजिस्टर रखे जाने के संदर्भ में अनुपालन की जाने वाली सावधानियों से संबंधित अनुदेशों, शर्तों में विशेष या मान्य आदेश द्वारा परिवर्तन या संशोधन करें।

10. **संयुक्त धारकों के अधिकारों का प्रयोग** — यदि कोई शेयर दो या अधिक व्यक्तियों के नाम हैं तो शेयरों के हस्तांतरण को छोड़कर, मतदान लाभांश प्राप्ति, नोटिस की तारीख तथा बैंक से संबंधित सभी या किसी मामले के संदर्भ में जिस व्यक्ति का नाम रजिस्टर में पहले होगा उसे शेयरों का एकल धारक माना जाएगा।

11. **रजिस्टर का निरीक्षण** —

i) विनियम 12 के अंतर्गत बंद रखे जाने के अलावा, रजिस्टर रखे गए स्थान पर मंडल द्वारा लगाए गए उचित प्रतिबंधों के अधीन व्यवसाय के घंटों के दौरान किसी भी शेयर धारक के लिए निरीक्षण हेतु रजिस्टर निशुल्क खुला रहेगा लेकिन निरीक्षण हेतु अनुमति की अवधि प्रत्येक कार्यकारी दिवस को 2 घंटे से कम की नहीं होगी।

ii) कोई भी शेयरधारक रजिस्टर या कम्प्यूटर प्रिन्ट की प्रविष्टि का निशुल्क उद्धरण (एक्सट्रैक्ट) बना सकता है या यदि वह रजिस्टर के कम्प्यूटर प्रिन्ट की या उसके किसी भाग की प्रति चाहता हो तो प्रत्येक 100 शब्द या उसके आवश्यक आंशिक भाग के लिए रु. 5/- की दर पर पूर्व भुगतान किए जाने पर वह उसे दी जा सकती है।

iii) उप-विनियम (ii) में उल्लिखित किसी बात के होते हुए भी, सरकार के किसी भी विधिवत् अधिकृत अधिकारी को रजिस्टर से किसी प्रविष्टि की नकल या रजिस्टर या उसके किसी भाग की प्रति प्राप्त करने का अधिकार होगा।

12. रजिस्टर बंद करना —

भारत में प्रसारित होने वाले न्यूनतम दो समाचार पत्रों में विज्ञापन द्वारा कम से कम सात दिन की पूर्व सूचना देकर बैंक किसी अवधि या अवधियों के लिए शेयरधारकों का रजिस्टर बंद कर सकता है और यह अवधि प्रत्येक वर्ष में कुल 45 दिनों से अधिक की नहीं होगी तथापि बैंक की राय में आवश्यक होने पर यह अवधि एक बार में तीस दिन से अधिक की नहीं होगी।

13. शेयर प्रमाणपत्र —

i) प्रत्येक शेयर प्रमाणपत्र पर शेयर प्रमाणपत्र संख्या, विशिष्ट संख्या, जिस संबंध में वे जारी किए गए हैं उन शेयरों की संख्या तथा जिसे जारी किए गए हैं उस शेयरधारकों का नाम होगा तथा यह प्रमाणपत्र, मंडल (बोर्ड) द्वारा निर्धारित स्वरूप में होगा।

ii) प्रत्येक शेयर प्रमाणपत्र मंडल के प्रस्ताव के अनुसार बैंक की सामान्य मुहर के अंतर्गत जारी होगा तथा दो निदेशकों और इस प्रयोजनार्थ बोर्ड द्वारा नियुक्त किसी अन्य अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित होगा।

बशर्ते निदेशकों के हस्ताक्षर मुद्रित, उत्कीर्ण (इनग्रेव) लिथोग्राफ या मंडल (बोर्ड) द्वारा निर्देशित किसी अन्य यांत्रिक प्रक्रिया द्वारा अंकित (इम्प्रेस) करवाए जाएं।

iii) इस प्रकार मुद्रित, उत्कीर्ण, लिथोग्राफड या अन्यथा अंकित हस्ताक्षर उसी प्रकार वैध होगा जिस प्रकार हस्ताक्षरी के स्वयं के उचित हस्तलेख से होता है।

iv) कोई भी शेयर तब तक वैध नहीं होगा जब तक इस प्रकार हस्ताक्षरित नहीं होगा। इस प्रकार हस्ताक्षरित शेयर प्रमाणपत्र वैध तथा बाध्यकारी होंगे बावजूद इसके कि जिस व्यक्ति के हस्ताक्षर प्रमाणपत्र पर हैं वह व्यक्ति इसके जारी होने से पूर्व बैंक की ओर से शेयर प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए अधिकृत व्यक्ति नहीं रह गया हो।

v) यदि इस प्रकार तैयार किए गए प्रमाणपत्र पर ऊपर उप खंड (ii) में उल्लेख किए गए अनुसार किसी अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर हैं, जो प्रमाणपत्र जारी करने के समय जीवित नहीं है तो बैंक अपने लिए सर्वथा उपयुक्त समझी जाने वाली विधि से प्रमाणपत्र से ऐसे व्यक्ति के हस्ताक्षर रद्द करवा सकता है और किसी अन्य अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर करवा सकता है। इस प्रकार जारी प्रमाणपत्र वैध होगा।

14. शेयर प्रमाणपत्र जारी करना —

i) किसी शेयरधारक को शेयर प्रमाणपत्र जारी करते समय मंडल (बोर्ड) के लिए यह उचित होगा कि शेयरधारक के नाम में एक अवसर पर पंजीकृत प्रत्येक 100 शेयरों के लिए एक प्रमाणपत्र के आधार पर या उसके गुणकों में प्रमाणपत्र जारी करे तथा उससे अधिक होने पर एक अतिरिक्त प्रमाणपत्र जारी करे लेकिन शेयरों की संख्या सौ से कम होनी चाहिए।

ii) यदि पंजीकृत किए जाने वाले शेयरों की संख्या सौ से कम हो तो सभी शेयरों के लिए एक प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

iii) कई व्यक्तियों द्वारा धारित किसी शेयर या शेयरों के संबंध में एक से अधिक प्रमाणपत्र जारी करने के लिए बैंक बाध्य नहीं होगा तथा संयुक्त धारकों में से एक को शेयर या शेयरों हेतु प्रमाणपत्र की सुपुर्दगी ऐसे सभी संयुक्त धारकों के लिए पर्याप्त सुपुर्दगी मानी जाएगी।

15. शेयर प्रमाणपत्रों का नवीकरण —

i) यदि कोई शेयर प्रमाणपत्र फट गया हो या खराब हो गया हो तो ऐसा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर मंडल (बोर्ड) या उसके द्वारा विनिर्दिष्ट समिति उसे रद्द करने का आदेश दे सकती है और उसके बदले एक नया प्रमाणपत्र जारी कर सकती है।

ii) यदि कोई शेयर प्रमाणपत्र कथित तौर पर खो जाता है या नष्ट हो जाता है तो मंडल (बोर्ड) या उसके द्वारा विनिर्दिष्ट समिति जैसा उचित समझे वैसी जमानती या गैर-जमानती क्षतिपूर्ति और दो समाचार पत्रों में प्रकाशित किए जाने तथा बैंक को इसकी लागत, खर्चों तथा व्ययों का भुगतान करने पर ऐसे खोए हुए या नष्ट हुए प्रमाणपत्र के हकदार व्यक्ति को उसके बदले में प्रमाणपत्र की अनुलिपि (डुप्लीकेट) दी जा सकती है।

16. शेयरों का समेकन तथा उप-विभाजन —

शेयर धारक (कों) द्वारा लिखित आवेदन करने पर मंडल (बोर्ड) या उसके द्वारा विनिर्दिष्ट समिति प्रस्तुत किए गए शेयरों का मामले के अनुसार समेकन या उपविभाजन कर सकती है तथा बैंक को लागत, खर्चों का भुगतान करने पर उसके बदले में नए प्रमाणपत्र जारी कर सकती है।

17. शेयरों का हस्तांतरण —

i) बैंक के शेयरों का हस्तांतरण यहां संलग्न फार्म "क" के रूप में संलग्न हस्तांतरण विलेख द्वारा या समय-समय पर बैंक द्वारा अनुमोदित किसी अन्य फार्म में होगा तथा यह फॉर्म विधिवत् स्टैम्प लगा हुआ, दिनांकित तथा संबंधित शेयर प्रमाणपत्र सहित हस्तांतरक तथा हस्तांतरिती द्वारा या उनकी ओर से निष्पादित किया हुआ होगा।

ii) हस्तांतरण विलेख के साथ शेयर प्रमाणपत्र प्रधान कार्यालय में बैंक को प्रस्तुत किया जाएगा तथा हस्तांतरक ऐसे शेयरों का तब तक धारक माना जाएगा जब तक कि हस्तांतरिती का नाम उस संबंध में शेयर रजिस्टर में दर्ज न कर लिया जाए।

iii) हस्तांतरण के पंजीकरण हेतु अनुरोध सहित शेयर प्रमाणपत्र के साथ हस्तांतरण विलेख बैंक द्वारा प्राप्त किए जाने पर मंडल (बोर्ड) या मंडल द्वारा विनिर्दिष्ट समिति शेयर प्रमाणपत्र के साथ उक्त हस्तांतरण विलेख रजिस्टर और/या शेयर हस्तांतरण एजेंट को प्रेषित करेगी जिससे यह जांच की जा सके कि तकनीकी अपेक्षाओं का संपूर्णत: अनुपालन किया गया है। रजिस्ट्रार और/या शेयर हस्तांतरण एजेंट शेयर प्रमाणपत्र यदि हो, के साथ हस्तांतरण विलेख हस्तांतरिती को वापस भेज देगा :-

क) यदि बैंक को प्रस्तुत हस्तांतरण विलेख विधिवत् स्टैम्प लगा हुआ तथा पंजीकरण हेतु उचित रूप से निष्पादित नहीं है तथा उसके साथ संबंधित शेयरों का प्रमाणपत्र और ऐसा हस्तांतरण

करने के लिए हस्तांतरक के स्वामित्व को दर्शाने हेतु बैंक द्वारा अपेक्षित कोई अन्य साक्ष्य नहीं हैं।

ख) हस्तांतरण विलेख द्वारा समाहित शेयरों के संबंध में हस्तांतरिती को शेयर धारक के रूप में पंजीकृत किए जाने की योग्यता के प्रति रजिस्ट्रार संतुष्ट नहीं हैं।

iv) यदि विनियम 10 के अंतर्गत हस्तांतरण के पंजीकरण को मंडल (बोर्ड) या मंडल द्वारा विनिर्दिष्ट समिति को अस्वीकार न कर दिया हो तो उसके बाद हस्तांतरण का पंजीकरण किया जाएगा।

18. **हस्तांतरणों को आस्थगित करने की शक्ति :—** रजिस्टर बंद रहने की अवधि के दौरान मंडल (बोर्ड) या मंडल द्वारा विनिर्दिष्ट समिति कोई हस्तांतरण पंजीकृत नहीं करेगी।

19. **शेयरों के हस्तांतरण का पंजीकरण करने से इंकार करने का मंडल (बोर्ड) का अधिकार —**

i) मंडल (बोर्ड) निम्नलिखित में से एक या अधिक कारणों से किसी शेयर का हस्तांतरण करने से इंकार कर सकता है तथा किसी अन्य कारण से इंकार नहीं कर सकता है :-

क) शेयरों का हस्तांतरण अधिनियम के प्रावधानों या उसके अंतर्गत बनाए गए विनियमों या किसी अन्य कानून का उल्लंघन है या ऐसे हस्तांतरण के पंजीकरण से संबंधित कानून के अंतर्गत किसी अन्य अपेक्षा का अनुपालन नहीं किया गया है;

ख) मंडल (बोर्ड) की राय में शेयरों का हस्तांतरण बैंक के हितों या जनहित के प्रतिकूल है :-

ग) न्यायालय, ट्रिब्युनल या उस समय प्रभावी किसी कानून के अंतर्गत किसी अन्य प्राधिकारी के आदेश द्वारा शेयरों का हस्तांतरण प्रतिबंधित है।

घ) कोई व्यक्ति या कंपनी जो भारत के बाहर निवास करती है या भारत में अप्रभावी किसी कानून के अंतर्गत गठित कोई कंपनी या ऐसी कंपनी की कोई शाखा जो भारत में निवास करती हो या नहीं, हस्तांतरण अनुमति होने पर, उसके परिणामस्वरूप बैंक के शेयरों को रखेगी या अधिग्रहित करेगी तथा ऐसा कुल निवेश प्रदत्त पूंजी के 20% से अधिक होगा या राजपत्र में अधिसूचना के माध्यम से केन्द्रीय सरकार द्वारा स्पष्ट किए गए अनुसार होगा।

बशर्ते, ऊपर उप-विनियम (i) (ग) में उल्लिखित इंकार करने की शक्तियों का उपयोग इस संदर्भ में मंडल (बोर्ड) द्वारा विनिर्दिष्ट समिति द्वारा किया जाए।

ii) हस्तांतरण के पंजीकरण के प्रयोजनार्थ बैंक शेयरों का हस्तांतरण विलेख जमा किए जाने के बाद मंडल (बोर्ड) अपनी राय बनाएगा कि उप विनियम (i) में वर्णित किसी कारण के आधार पर ऐसा पंजीकरण करने से इंकार करना चाहिए या इंकार नहीं करना चाहिए।

क) यदि मंडल (बोर्ड) की राय में ऐसा पंजीकरण करने से इंकार नहीं करना चाहिए तो पंजीकरण को प्रभावी कर देना चाहिए; और

ख) यदि मंडल (बोर्ड) की राय में उप-विनियम (i) में उल्लिखित किसी आधार पर ऐसा पंजीरण रद्द किया जा सकता है तो हस्तांतरण फॉर्म प्राप्त होने के 60 दिनों के भीतर लिखित रूप में सूचना द्वारा हस्तांतरक तथा हस्तांतरिती को सूचित करना चाहिए।

20. दिवालिएपन, मृत्यु आदि की दशा में शेयरों का प्रेषण —

i) यहां उल्लिखित व्यक्ति ही ऐसे शेयरों पर किसी प्रकार का स्वामित्व रखने वाले व्यक्ति के रूप में बैंक द्वारा मान्य होंगे। शेयर के संबंध में, मृत शेयर धारक के निष्पादक या प्रशासक या वसीयत प्रमाणपत्र के धारक या वसीयत सहित या बिना वसीयत संलग्न किए प्रशासन पत्र के धारक या भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के भाग-X के अंतर्गत जारी उत्तराधिकार प्रमाणपत्र के धारक या किसी विधिक अभिवेदन के धारक या कोई ऐसा व्यक्ति जिसके पक्ष मे मृत एकल धारक ने अपने जीवन काल में हस्तांतरण विलेख निष्पादित किया हो।

ii) यदि शेयर दो या अधिक शेयरधारकों के नाम में पंजीकृत हों तो यहां उल्लिखित व्यक्ति ही ऐसे शेयरों पर किसी प्रकार का स्वामित्व रखने वाले व्यक्ति के रूप में बैंक द्वारा मान्य होंगे। एक उत्तरजीवी या सभी उत्तरजीवी तथा अंतिम उत्तरजीवी की मृत्यु होने पर उसके निष्पादक या प्रशासक या ऐसा कोई व्यक्ति जो वसीयत प्रमाणपत्र का धारक है या वसीयत सहित या बिना वसीयत संलग्न किए प्रशासन पत्र के धारक या उत्तराधिकार प्रमाणपत्र के धारक या शेयर में ऐसे उत्तरजीवी के हित से संबंधित किसी अन्य विधिक अभिवेदन का धारक या कोई व्यक्ति जिसके पक्ष में ऐसे व्यक्ति या ऐसे अंतिम उत्तरजीवी ने अपने जीवन काल में हस्तांतरण विलेख निष्पादित किया हो।

iii) बैंक ऐसे निष्पादक या प्रशासक को मान्य करने हेतु बाध्य नहीं होगा जब तक वे सक्षम क्षेत्राधिकार के न्यायालय से मामले के अनुसार वसीयत प्रमाणपत्र या प्रशासन पत्र या उत्तराधिकार प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं कर लेते। परंतु, यदि मंडल (बोर्ड) अपने विवेकानुसार उचित समझने पर क्षतिपूर्ति की शर्त पर या अन्यथा उचित समझने पर वसीयत प्रमाणपत्र या प्रशासन पत्र या उत्तराधिकार प्रमाणपत्र या ऐसी कोई अन्य विधिक अभिवेदन प्रस्तुत करने से छूट देता है तो यह मंडल के लिए विधि सम्मत होगा।

iv) शेयर धारक की मृत्यु के परिणामस्वरूप यदि कोई व्यक्ति शेयर का हकदार बनता है या शेयर धारक के दिवालिया होने पर, धन शोधन अक्षमता या शेयर बेचे जाने के परिणामस्वरूप कोई व्यक्ति शेयर का हकदार बनता है तो मंडल द्वारा अपेक्षित प्रमाण प्रस्तुत करने पर उसे निम्न अधिकार प्राप्त होंगे :-

क) ऐसे शेयर के संबंध में शेयरधारक के रूप में पंजीकृत होने का अधिकार

ख) ऐसे शेयर को इस प्रकार हस्तांतरित करने का अधिकार जैसे उस व्यक्ति द्वारा किया जाता जिससे उसने हक प्राप्त किए हैं।

21. पंजीकरण हेतु योग्य न रहने वाले शेयर धारक —

एकल रूप में या दूसरे के साथ या दूसरों के साथ संयुक्त रूप से शेयर धारक के रूप मे पंजीकृत व्यक्ति का

यह कर्तव्य होगा कि इस प्रकार पंजीकृत किए जाने योग्य नहीं रहने पर इस संबंध में उसकी सूचना तुरंत मंडल को दे।

22. **शेयरों पर मांग (कॉल)** — शेयर धारकों द्वारा धारित शेयरों की सभी अप्रदत्त राशियां जो आबंटन की शर्तों द्वारा निश्चित समय पर अदा नहीं की गई थी, के संबंध में समय-समय पर मंडल यथोचित रूप में शेयर धारकों से मांग कर सकता है तथा प्रत्येक शेयरधारक मंडल द्वारा निर्धारित समय तथा स्थान पर प्रत्येक मांग राशि अदा करेगा। मांग राशि (कॉल) किस्तों में दी जा सकती है।

23. **प्रस्ताव की तारीख से मांग (कॉल) का होना** — कोई मांग (कॉल) उस समय की गयी मानी जाएगी जब ऐसी मांग (कॉल) को अधिकृत करने वाला प्रस्ताव मंडल (बोर्ड) द्वारा पारित किया गया होगा तथा रजिस्टर के शेयर धारकों द्वारा मांग राशि (कॉल) का भुगतान मंडल (बोर्ड) द्वारा निर्धारित किसी तारीख को या मंडल (बोर्ड) के विवेकानुसार किसी तत्पश्चात् तारीख को किया जाएगा।

24. **मांग (कॉल) की सूचना** — भुगतान के समय का उल्लेख करते हुए प्रत्येक मांग (कॉल) के लिए कम से कम तीस दिन की सूचना दी जाएगी परंतु ऐसी मांग (कॉल) के भुगतान के समय से पहले शेयरधारकों को लिखित सूचना देकर मंडल मांग (कॉल) को रद्द कर सकता है।

25. **मांग (कॉल) का भुगतान करने के समय का विस्तार** — मंडल समय-समय पर तथा अपने विवेकानुसार शेयर धारकों के निवास की दूरी या किसी अन्य पर्याप्त कारण को ध्यान में रखते हुए मंडल (बोर्ड) समय-समय पर तथा अपने विवेकानुसार किसी या सभी शेयर धारकों के लिए किसी मांग (कॉल) का भुगतान करने के समय का विस्तार कर सकता है परंतु कोई भी शेयर धारक अधिकार स्वरूप ऐसे विस्तार का हकदार नहीं होगा।

26. **संयुक्त धारकों की देयताएं** — किसी शेयर के संयुक्त धारक संयुक्त रूप से तथा अलग-अलग उस शेयर के संबंध में सभी मांग राशि (कॉल) अदा करने के लिए उत्तरदायी होंगे।

27. **लिखित समय पर या मांग (कॉल) के अनुसार किस्तों द्वारा देय राशि** — किसी शेयर के निर्गम की शर्तों के अनुसार या अन्यथा, यदि कोई राशि किसी निर्धारित समय पर या निर्धारित समयों पर किस्तों द्वारा देय है तो ऐसी प्रत्येक राशि या किस्त इस प्रकार देय होगी जैसे वह बोर्ड द्वारा यथाविधि की गई मांग (कॉल) हो तथा जिसकी उचित सूचना दी जा चुकी थी तथा मांगों (कॉल्स) के संबंध में यहां अंतर्विष्ट सभी प्रावधान ऐसी राशि या किस्त से तदनुसार सम्बद्ध होंगे।

28. **जब मांग (कॉल) या किस्त पर ब्याज देय हो** — यदि किसी मांग (कॉल) या किस्त के संबंध में देय राशि उसके भुगतान के लिए नियुक्त तारीख को या उससे पहले अदा नहीं की गई या किस्त देय हो उसके उस समय के धारक या आबंटित को भुगतान की नियुक्त तारीख से वास्तविक भुगतान तक की अवधि के लिए समय-समय पर मंडल (बोर्ड) द्वारा निर्धारित दर पर ब्याज अदा करना होगा।

29. **शेयर धारकों द्वारा मांगों (कॉल्स) का भुगतान न करना** — किसी भी शेयर धारक को किसी लाभांश को प्राप्त करने या शेयर धारक के किसी अधिकार का प्रयोग करने का हक नहीं होगा जब तक कि उसके द्वारा एकल रूप में या किसी अन्य व्यक्ति के साथ संयुक्त रूप में धारित प्रत्येक शेयर की उस समय

देय तथा अदा करने योग्य सभी मांगे (कॉल्स) ब्याज लगाए गए या प्रभारित खर्चों के साथ अदा न कर दी गई हो।

30. **मांग या किस्त का भुगतान न करने पर सूचना** — यदि कोई शेयर धारक किसी शेयर के संबंध में मूलधन या ब्याज के रूप में किसी मांग (कॉल) या किस्त की सम्पूर्ण या आंशिक राशि या कोई अन्य राशि भुगतान के लिए नियुक्त तारीख को या उससे पहले अदा नहीं करता है तो मांग (कॉल) या किस्त या उसके किसी अंश के अप्रदत्त रहने या उसके संबंध में किसी अधिनिर्णय या डिक्री के पूर्ण रूप से या आंशिक रूप में अतुष्ट रहने के दौरान बैंक किसी भी समय उपचित ब्याज तथा ऐसा भुगतान न करने के कारण बैंक द्वारा प्रदत्त या वहन किए गए सभी खर्चों (कानूनी या अन्यथा) सहित ऐसी मांग (कॉल) या किस्त या उसके अंश या अप्रदत्त राशियों का भुगतान करने के लिए ऐसे शेयर धारक या प्रेषण द्वारा शेयर के हकदार व्यक्ति को सूचना प्रेषित कर सकता है।

31. **जब्ती की सूचना** — जब्ती की सूचना में सूचना की तारीख से कम से कम चौदह दिन बाद की तारीख तथा जगह या जगहों का उल्लेख होगा जहां ऐसी मांग (कॉल) या किस्त या उसके अंश या अन्य राशियों तथा ऐसे ब्याज एवं पूर्वोक्त खर्चों का भुगतान किया जाना है। सूचना में यह भी उल्लिखित होगा कि यदि नियुक्त स्थान पर नियुक्त समय को या उससे पहले भुगतान नहीं किया जाता है तो जिस शेयर के संबंध में मांग (कॉल) की गई थी या किस्त देय है, वे शेयर जब्त किए जाने के अधीन होंगे।

32. **चूक करने पर जब्त किए जाने वाले शेयर** — यदि पूर्वोक्त किसी सूचना की आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं किया गया तो सभी मांगों (कॉल्स) या किस्तों, ब्याज तथा खर्चों या उसके संबंध में देय राशि का भुगतान न करने के कारण वे शेयर जिनके संबंध में सूचना दी जा चुकी है, तत्पश्चात् किसी भी समय उससे संबंधित मंडल के प्रस्ताव द्वारा जब्त कर लिए जाएंगे। ऐसी जब्ती में जब्त शेयरों के संबंध में घोषित सभी लाभांश सम्मिलित होंगे परंतु जब्ती से पहले वास्तविक रूप में प्रदत्त लाभांश शामिल नहीं होंगे।

33. **रजिस्टर में जब्ती की प्रविष्टि** — जब विनियम 32 के अंतर्गत कोई शेयर जब्त किया जाता है तो तारीख सहित जब्ती की प्रविष्टि रजिस्टर में की जाएगी।

34. **जब्त शेयर बैंक की संपत्ति होंगे तथा बेचे जा सकेंगे** — इस प्रकार जब्त शेयर बैंक की संपत्ति समझे जाएंगे तथा मंडल (बोर्ड) द्वारा निर्धारित शर्तों एवं तरीके से किसी भी व्यक्ति को बेचे, पुनः आबंटित या अन्यथा निपटाए जा सकते हैं।

35. **जब्ती को रद्द करने की शक्ति** — विनियम 32 के अंतर्गत इस प्रकार जब्त शेयरों के बेचे जाने, पुनः आबंटित किए जाने या अन्यथा निपटाए जाने से पहले मंडल (बोर्ड) उपयुक्त शर्तों पर जब्ती रद्द कर सकता है।

36. **जब्ती के समय देय राशि तथा ब्याज अदा करने के लिए शेयरधारक उत्तरदायी** — जब्त किए गए शेयरों के शेयरधारक जब्ती के बावजूद शेयर जब्त किए जाने के समय से भुगतान किए जाने तक मंडल

(बोर्ड) द्वारा विनिर्दिष्ट दर पर ब्याज सहित सभी मांगों (कॉल्स), किस्तों, ब्याज, खर्चों तथा शेयरों की या शेयरों के संबंध में देय अन्य राशियों का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी रहेंगे तथा तुरंत भुगतान करेंगे तथा मंडल (बोर्ड) संपूर्ण या उसके अंश के भुगतान को प्रवर्तित कर सकता है।

37. **आंशिक भुगतान जब्ती को प्रतिबाधित नहीं करेगा** — किसी शेयर के संबंध में मांग (कॉल्स) या देय राशियों के लिए बैंक के पक्ष में न तो किसी अधिनिर्णय या डिक्री से न उसके अंतर्गत किसी भुगतान या समाधान से न तो मूलधन या ब्याज द्वारा किसी शेयर के संबंध में समय-समय पर किसी शेयर धारक से प्राप्य राशि के अंश की बैंक द्वारा स्वीकृत किसी अनुग्रह से ऐसे शेयरों की जब्ती प्रतिबाधित नहीं होगी।

38. **शेयरों की जब्ती से बैंक के विरुद्ध सभी दावे समाप्त** — इन विलेखों द्वारा स्पष्ट रूप से छोड़े गए अधिकारों के अतिरिक्त, शेयरों की जब्ती से, जब्ती के समय शेयर के संबंध में सभी लाभ तथा बैंक के विरुद्ध सभी दावे एवं मांग तथा शेयर से प्रासंगिक अन्य अधिकार समाप्त हो जाते हैं।

39. **बेचे जाने, पुनः निर्गमित किए जाने, पुनः आबंटित किए जाने या जब्ती के बाद बेचे जाने पर मूल शेयर अकृत और शून्य माने जाएंगे** —बिक्री, पुनः निर्गमित, पुनः आबंटित या पूर्वोक्त विनियमों के प्रावधानों के अंतर्गत बेचे गए सम्बद्ध शेयरों के संबंध में (यदि बैंक द्वारा मांग किए जाने पर चूककर्ता सदस्य द्वारा उन्हें पहले ही सुपुर्द न कर दिए गए हों) मूल रूप से जारी प्रमाणपत्र रद्द हो जाएंगे तथा अकृत एवं शून्य हो जाएंगे तथा अन्य कोई प्रभाव नहीं रहेगा, मंडल (बोर्ड) उन शेयरों के हकदार व्यक्ति या व्यक्तियों को उक्त शेयरों के संबंध में नया प्रमाणपत्र जारी करने का हकदार होगा।

40. **जब्ती प्रावधानों का लागू होना** — शेयर के निर्गम की शर्तों के अनुसार निर्धारित समय पर देय किसी राशि का भुगतान न होने पर जब्ती के संबंध में इन विनियमों के प्रावधान लागू होंगे मानो वह राशि विधिवत् की गई मांग (कॉल) के द्वारा शेयर के अंकित मूल्य या प्रीमियम के रूप में देय होती।

41. **शेयरों का ग्रहणाधिकार (लियन)** —

i) बैंक का निम्नलिखित पर प्रथम एवं स्थाई ग्रहणाधिकार (लियन) रहेगा :-

क) प्रत्येक शेयर पर (जो पूर्णतः प्रदत्त शेयर नहीं है) उस शेयर के संबंध में मांगी गयी या निर्धारित समय पर देय सभी राशियों के लिए (चाहे वे वर्तमान में देय हैं या नहीं)

ख) एकल व्यक्ति के नाम में पंजीकृत सभी शयरों पर (जो पूर्णतः प्रदत्त शेयर नहीं है) उसके या उसकी संपत्ति द्वारा बैंक को वर्तमान में देय सभी राशियों के लिए

ग) प्रत्येक व्यक्ति के नाम में पंजीकृत सभी शेयरों पर (चाहे एकल या अन्यों के साथ संयुक्त रूप से) तथा एकल या अन्य व्यक्ति के साथ संयुक्त रूप से उसके ऋणों, देयताओं तथा आबन्धों के लिए शेयरों की बिक्री की प्राप्तियों पर, चाहे उनके भुगतान, पालन या चुकाने की अवधि वास्तव में आ चुकी है या नहीं तथा बैंक के ग्रहणाधिकार (लियन) पर किसी शेयर में साम्यिक हित बैंक द्वारा मान्य नहीं किया जाएगा।

बशर्ते निदेशक मंडल ने किसी समय किसी शेयर को पूर्णत: या अंशत: इस खंड के प्रावधानों से छूट दी हो।

ii) किसी शेयर पर देय सभी लाभांशों पर बैंक का ग्रहणाधिकार (लिएन) यदि कोई हो, प्रभावी रहेगा।

42. शेयरों की बिक्री से ग्रहणाधिकार का प्रवर्तन —

i) मंडल (बोर्ड) जैसा उचित समझे उस तरीके से बैंक ऐसे शेयर बेच सकता है जिस पर कंपनी का ग्रहणाधिकार (लियन) हो

क) जिस राशि के संबंध में ग्रहणाधिकार है वह राशि वर्तमान में देय है, और

ख) जिस राशि के संबंध में ग्रहणाधिकार है तथा वर्तमान में देय है उस के भुगतान का उल्लेख एवं मांग करते हुए शेयर के उस समय पंजीकृत धारक या उसकी मृत्यु या दिवालिएपन के कारण उस शेयर के हकदार व्यक्ति को दी गयी लिखित सूचना के चौदह दिन बाद

ii) ऐसी बिक्री को प्रभावी करने के लिए मंडल (बोर्ड) शेयर के खरीददार को बेचे गए शेयरों का हस्तांतरण करने के लिए किसी अधिकारी को प्राधिकृत कर सकता है।

43. शेयरों की बिक्री की प्राप्तियों का उपयोग — विनियम 42 के अंतर्गत बेचे गए शेयरों की प्राप्तियों में से बिक्री का लागत घटाने के बाद निवल प्राप्तियों का उपयोग उस ऋण या देयता के समाधान के लिए किया जाएगा जिसके संबंध में ग्रहणाधिकार है और वर्तमान में वे जहां तक देय है तथा यदि कोई शेष राशि हो तो वह बेचे गए शेयरों के शेयरधारकों या प्रेषण द्वारा हकदार व्यक्ति को अदा की जाएगी।

44. जब्ती का प्रमाणपत्र — ऐसे शेयरों के हकदार सभी व्यक्तियों के विरुद्ध प्रमाणपत्र में उल्लिखित तथ्यों का निश्चायक प्रमाण वह प्रमाणपत्र होगा जो किसी निदेशक या इस संबंध में विधिवत प्राधिकृत बैंक के किसी अधिकारी के हस्ताक्षरों सहित लिखित रूप में होगा, जिसमें यह उल्लेख होगा कि शेयर के संबंध में मांग की गयी थी और शेयर की जब्ती उसके संबंध में मंडल (बोर्ड) के प्रस्ताव द्वारा की गयी थी।

45. जब्त शेयरों के खरीददार तथा आबंटिती का अधिकार — शेयर की बिक्री, पुन: आबंटन या उसके अन्य प्रकार से निबटान के लिए प्रतिफल यदि कोई हो, बैंक द्वारा प्राप्त किया जा सकता है तथा वह व्यक्ति जिसे ऐसे शेयर बेचे, पुन: आबंटित या प्रायोजित किए गए हैं उसे शेयर के धारक के रूप में पंजीकृत किया जाए तथा वह व्यक्ति प्रतिफल का विनियोग यदि कोई हो, देखने के लिए बाध्य नहीं होगा तथा शेयर की जब्ती, बिक्री, पुन: आबंटन या अन्य निपटान के संदर्भ में कार्यवाहियों में अनियमितता या अवैधता से शेयर पर उसका अधिकार प्रभारित नहीं होगा, तथा बिक्री द्वारा अपकृत किसी व्यक्ति की प्रतिविधि केवल हरजाने के रूप में और सिर्फ बैंक के विरुद्ध होगी।

46. शेयरधारकों को सूचना या दस्तावेज की तामील —

i) बैंक किसी भी शेयरधारक को व्यक्तिगत रूप से या उसके पंजीकृत पते पर साधारण डाक द्वारा या यदि भारत में कोई पंजीकृत पता न हो तो सूचना देने के लिए उसके द्वारा दिए गए भारत के किसी पते पर सूचना या दस्तावेज तामील कर सकता है।

ii) जहां दस्तावेज या सूचना डाक द्वारा भेजी गयी है वहां उचित प्रकार से पता लिखने, पूर्व भुगतान तथा दस्तावेज या सूचना सहित पत्र प्रेषित करने से ऐसे दस्तावेज या सूचना की तामील प्रभावी मानी जाएगी।

परंतु, जहां शेयरधारक ने बैंक को अग्रिम रूप में सूचित किया हो कि उसे दस्तावेज डाक प्रमाणपत्र या पावती सहित या बिना पावती के पंजीकृत डाक द्वारा भेजे जाएं और ऐसा करने में होने वाले खर्च की अदायगी के लिए उसने पर्याप्त राशि बैंक के पास जमा की हो तो दस्तावेज या सूचना की तारीख तब तक प्रभावी नहीं मानी जाएगी जब तक कि उसे शेयर धारक द्वारा उचित तरीके से नहीं भेजा जाता है तथा सभी की सूचना के मामले में, सूचना का पत्र डाक में प्रेषित किए जाने के बाद अड़तालिस घंटे की समाप्ति पर ऐसी तामील प्रभावी मानी जाएगी तथा किसी अन्य मामले में उस समय मानी जाएगी जब पत्र डाक की सामान्य प्रक्रिया में सुपुर्द हो जाता है।

iii) बैंक के वे शेयरधारक जिनका भारत में कोई पंजीकृत पता नहीं है और जिन्होंने सूचना देने के लिए भारत का कोई पता बैंक को नहीं दिया है, ऐसे प्रत्येक शेयरधारक पर भारत में विस्तृत तौर पर प्रसारित होने वाले किसी अखबार में विज्ञापित कोई सूचना या दस्तावेज उस दिन यथाविधि तामील माने जाएंगे जिस दिन विज्ञापन प्रकाशित होगा।

iv) शेयर के संबंध में रजिस्टर में प्रथम नामित संयुक्त धारक पर बैंक द्वारा सूचना या दस्तावेज की तामील की जा सकती है और तामील को प्रभावी बनाया जा सकता है तथा इस प्रकार दी गयी सूचना उक्त शेयरों के सभी धारकों के लिए पर्याप्त सूचना होगी।

v) शेयर धारकों की मृत्यु या दिवालिएपन के कारण शेयर के हकदार व्यक्तियों को बैंक द्वारा सूचना या दस्तावेज की तामील उनके नाम से या मृत व्यक्ति के प्रतिनिधियों के शीर्षक से या दिवालिए के समनुदेशितियों को या इसी प्रकार के विवरण से संबोधित पूर्व प्रदत्त पत्र डाक द्वारा भारत के उस पते पर यदि कोई हो, की जाएगी जो इस प्रकार हकदार होने का दावा करने वाले व्यक्तियों द्वारा इस प्रयोजनार्थ दिया गया हो या जब तक ऐसा पता इस प्रकार नहीं दिया जाता दस्तावेज की तामील ऐसे किसी भी प्रकार से की जाएगी जैसे मृत्यु या दिवालियापन न होने पर की जाती।

vi) बैंक द्वारा दी जाने वाली किसी सूचना पर हस्ताक्षर लिखित या मुद्रित हो सकते हैं।

.....

निक्षेपागार (डिपॉजिटरी) में धारित बैंक की प्रतिभूतियाँ

47. **निक्षेपागार तथा बैंक के बीच करारनामा** — बैंक द्वारा जारी प्रतिभूतियों के संबंध में उनकी सेवाएं लेने के लिए बैंक एक या अधिक निक्षेपागार (डिपॉजिटरी) से करार कर सकता है।

48. **सहभागी तथा निक्षेपागार के बीच करारनामा** —

i) कोई भी सहभागी निक्षेपागार के अभिकर्ता (एजेंट) के रूप में कार्य करने के लिए करार कर सकता है। जिस निक्षेपागार के साथ करार किया जाएगा वह ऐसा निक्षेपागार होगा जिसकी सेवाएं लेने के लिए बैंक विनियम 47 के अंतर्गत सहमत हुआ है।

ii) बैंक का कोई भी शेयरधारक बैंक द्वारा जारी प्रतिभूतियों के संबंध में निक्षेपागार की सेवाएं लेने के लिए ऐसे निक्षेपागार द्वारा निर्धारित फॉर्म में सहभागी के माध्यम से निक्षेपागार के साथ करार कर सकता है।

49. **प्रतिभूति का प्रमाणपत्र सौंपना** —

i) बैंक का कोई शेयरधारक या बैंक की किसी प्रतिभूति का धारक बैंक को उस प्रतिभूति का प्रमाणपत्र सौंप देगा जिसके संबंध में उसने निक्षेपागार की सेवाएं लेने के लिए उपरोक्त विनियम 48 के अंतर्गत करार किया है।

ii) उपरोक्त उप विनियम (i) के अंतर्गत प्रतिभूति का प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर बैंक प्रतिभूति का प्रमाणपत्र रद्द कर देगा और अपने अभिलेख में उस प्रतिभूति के संबंध में निक्षेपागार (डिपॉजिटरी) का नाम पंजीकृत मालिक के रूप में दर्ज करेगा और निक्षेपागार को तद्नुसार सूचित करेगा।

iii) उपर्युक्त विनियम (ii) के अंतर्गत सूचना प्राप्त होने पर निक्षेपागार ऊपर उप विनियम (i) में संदर्भित व्यक्ति का नाम अपने अभिलेख में हिताधिकारी मालिक के रूप में दर्ज करेगा।

50. **निक्षेपागार में प्रतिभूतियों के हस्तांतरण का पंजीकरण** — हस्तांतरण प्रभावी करने की सूचना बैंक से प्राप्त होने पर प्रत्येक निक्षेपागार हस्तांतरिती के नाम में प्रतिभूतियों का हस्तांतरण पंजीकृत करेगा।

51. **प्रतिभूति प्रमाणपत्र प्राप्त करने या निक्षेपागार में प्रतिभूति रखने का विकल्प** —

i) बैंक द्वारा प्रस्तावित प्रतिभूतियों के लिए अभिदान करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिभूति प्रमाणपत्र प्राप्त करने या निक्षेपागार में प्रतिभूति रखने का विकल्प होगा।

ii) जब कोई व्यवित प्रतिभूति को निक्षेपागार में रखने का विकल्प देता है तो बैंक प्रतिभूतियों के आबंटन के विवरण की सूचना ऐसे निक्षेपागार को देगा तथा ऐसी सूचना प्राप्त होने पर निक्षेपागार अपने रजिस्टर में आबंटिती का नाम उस प्रतिभूति के हिताधिकारी मालिक के रूप में दर्ज करेगा।

52. **निक्षेपागार में प्रतिभूतियां समरूप स्वरूप में होगी** — निक्षेपागार द्वारा धारित सभी प्रतिभूतियों का भौतिक स्वरूप परिवर्तित किया जाएगा और वे समरूप स्वरूप में होंगी।

53. **हिताधिकारी मालिक के अधिकार** — निक्षेपागार द्वारा धारित प्रतिभूतियों के संबंध में हिताधिकारी मालिक सभी अधिकारों एवं लाभ का हकदार होगा एवं सभी देयताओं के अधीन होगा।

54. **हिताधिकारी मालिक का रजिस्टर** —

i) प्रत्येक निक्षेपागार, निक्षेपागार द्वारा धारित बैंक की प्रतिभूतियों के संबंध में निक्षेपागार अधिनियम, 1996 या सेबी द्वारा निर्धारित स्वरूप में हिताधिकारी मालिकों की रजिस्टर एवं सूची रखेगा।

ii) निक्षेपागार बैंक द्वारा निर्धारित अंतरालों पर अपने द्वारा रखी गयी हिताधिकारी मालिकों के रजिस्टर एवं सूची की अद्यतन प्रति बैंक को प्रस्तुत करेगा।

55. **किसी प्रतिभूति के संबंध में बाहर जाने का विकल्प** —

i) यदि हिताधिकारी मालिक किसी प्रतिभूति के संबंध में निक्षेपागार से बाहर जाने का विकल्प चाहता है तो वह निक्षेपागार को तदनुसार सूचित करेगा।

ii) उपर्युक्त उप विनियम (i) के अंतर्गत ऐसी सूचना प्राप्त होने पर निक्षेपागार अपने अभिलेखों में उचित प्रविष्टियां करेगा और बैंक को सूचित करेगा।

iii) निक्षेपागार से सूचना प्राप्त होने से 30 (तीस) दिन के भीतर तथा भारतीय प्रतिभूति विनियम बोर्ड निक्षेपागार एवं सहभागी विनियम 1996 और/या निक्षेपागार अधिनियम 1996 की शर्तों को पूरा करने एवं निर्धारित शुल्क के भुगतान पर बैंक मामले के अनुसार हिताधिकारी मालिक या हस्तांतरिती को प्रतिभूति का प्रमाणपत्र जारी करेगा।

.....

शेयरधारकों की सभा

56. सामान्य वार्षिक सभा आयोजित किए जाने की सूचना —

i) शेयरधारकों की सामान्य वार्षिक सभा आयोजित किए जाने की सूचना अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक या कार्यपालक निदेशक या बैंक के किसी प्राधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित होगी और भारत में व्यापक रूप से प्रसारित होने वाले कम से कम दो दैनिक समाचार पत्रों में सभा की तारीख से कम से कम स्पष्ट 21 दिन पहले प्रकाशित की जाएगी।

ii) ऐसी प्रत्येक सूचना में ऐसी सभा का समय, तारीख एवं स्थान के साथ-साथ सभा में किए जाने वाले व्यवहारों का उल्लेख होगा।

iii) ऐसी सभा का समय एवं तारीख मंडल (बोर्ड) द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। ऐसी सभा बैंक के प्रधान कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

57. अतिरिक्त सामान्य सभा —

i) मंडल (बोर्ड) द्वारा निर्देशित किए जाने पर या केन्द्र सरकार से या सभी शेयरधारकों के कुल मताधिकार का कम से कम कुल 10 प्रतिशत शेयर रखने वाले शेयरधारकों से ऐसी सभा आयोजित करने के लिए मांग प्राप्त होने पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक या उनकी अनुपस्थिति में बैंक के कार्यपालक निदेशक या उनकी अनुपस्थिति में बैंक के कोई एक निदेशक शेयरधारकों की विशेष सभा आयोजित कर सकता है।

ii) उप-विनियम (i) में संदर्भित मांग में उस प्रयोजन का उल्लेख होगा जिसके लिए विशेष सभा आयोजित किए जाने की आवश्यकता है लेकिन उसमें समान स्वरूप के कई दस्तावेज हो सकते हैं जिसमें से प्रत्येक दस्तावेज एक या अधिक मांगकर्ताओं द्वारा हस्ताक्षरित होगा।

iii) जब कोई शेयर दो या अधिक व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से धारित हों तो उनमें से एक या कुछ के द्वारा हस्ताक्षरित मांग या सभा बुलाने की सूचना इस विनियम के प्रयोजनार्थ उसी प्रकार मान्य व प्रभावी होगी जैसे वह उन सभी द्वारा हस्ताक्षरित हो।

iv) विशेष सभा का समय, तारीख एवं स्थान का निर्धारण मंडल (बोर्ड) द्वारा किया जाएगा परंतु केन्द्र सरकार या अन्य शेयरधारक की मांग पर आयोजित की जाने वाली विशेष सभा मांग प्राप्त होने के 45 दिनों बाद आयोजित नहीं की जा सकेगी।

v) उप-विनिमय (iv) के उपबन्ध में निर्धारित अवधि के भीतर अधिनियम (i) द्वारा अपेक्षित किए गए अनुसार यदि अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक या उनकी अनुपस्थिति में मामले के अनुसार कार्यपालक

निदेशक सभा आयोजित नहीं करता है तो मांग की तारीख से तीन माह के भीतर मांगकर्ताओं द्वारा स्वयं सभा बुलाई जा सकती है।

परंतु, इस विनियम की किसी भी बात से यह नहीं माना जाएगा कि उपरोक्त तीन माह की अवधि की समाप्ति से पहले यथाविधि आयोजित किसी सभा को उस अवधि की समाप्ति के बाद किसी दिन के लिए स्थगित करने से रोका जा सकता है।

vi) विनियम (v) के अंतर्गत मांगकर्ताओं द्वारा बुलाई गई सभा जहां तक संभव हो, तकरीबन उसी प्रकार से बुलाई जाएगी जैसे अन्य सामान्य सभाएं मंडल (बोर्ड) द्वारा बुलाई जाती हैं।

58. सामान्य सभा का कोरम —

i) शेयर धारकों की किसी भी सभा में कोई व्यवहार नहीं किया जाएगा जब तक कि ऐसी सभा में मत (वोट) देने के हकदार शेयरधारकों का कम से कम पांच शेयरधारकों का कोरम ऐसे व्यवहार के प्रारंभ के समय व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति न हो।

ii) केन्द्र सरकार के अतिरिक्त शेयरधारकों द्वारा बुलाई गयी सभा के मामले में, यदि सभा आयोजित करने के लिए नियत समय के बाद आधे घंटे के भीतर यदि कोरम उपस्थित नहीं है तो सभा विसर्जित मानी जाएगी।

iii) किसी अन्य मामले में, यदि सभा आयोजित करने के लिए निर्धारित समय के बाद आधे घंटे के भीतर कोरम उपस्थित नहीं है तो सभा अगले सप्ताह उसी दिन, उसी समय तथा स्थान पर या अध्यक्ष द्वारा निर्धारित ऐसे किसी अन्य दिन या अन्य समय या स्थान पर स्थगित मानी जाएगी। यदि स्थगित सभा को आयोजित करने के लिए निर्धारित समय से आधा घंटे के भीतर कोरम उपस्तित नहीं है तो धारक व्यक्तिगत रूप से या प्रतिपत्र द्वारा या विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित शेयरधारक ऐसी स्थगित सभा का कोरम होंगे तथा से व्यवहार करेंगे जिसके लिए सभा बुलाई गयी थी :

परन्तु कोई सामान्य वार्षिक सभा उस तारीख से बाद की तारीख को स्थगित नहीं की जाएगी जिस तारीख के भीतर अधिनियम की धारा 10ए (1) की शर्तों के अनुसार सामान्य वार्षिक सभा आयोजित की जाएगी और यदि आगामी सप्ताह में उसी दिन को स्थगित सभा पर इसका प्रभाव पड़ता है तो सामान्य वार्षिक सभा स्थगित नहीं की जाएगी परंतु यदि कोरम उपस्थित है तो सभा के लिए नियत समय से एक घंटे के भीतर या उस समय से एक घंटे की समाप्ति के तत्काल बाद सभा का व्यवहार प्रारंभ हो जाएगा तथा वे शेयरधारक व्यक्तिगत रूप से या प्रतिपत्र द्वारा या विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित शेयरधारक ऐसे समय पर कोरम बनाएंगे।

59. सामान्य सभा का अध्यक्ष —

i) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक या उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक निदेशक या उनकी अनुपस्थिति में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा सामान्य तौर पर या किसी विशेष सभा के संबंध में अध्यक्ष एवं प्रबंध

निदेशक द्वारा प्राधिकृत कोई एक निदेशक या उसकी अनुपस्थिति में, इस संबंध में कार्यपालक निदेशक सभा के अध्यक्ष होंगे तथा यदि अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक या कार्यपालक निदेशक या इस संबंध में प्राधिकृत कोई अन्य निदेशक उपस्थित नहीं है तो सभा, उपस्थित किसी अन्य निदेशक को सभा का अध्यक्ष चुन सकती है।

ii) सामान्य सभा का अध्यक्ष सामान्य सभाओं में प्रक्रिया को विनियमित करेगा तथा शेयरधारकों द्वारा सभा को संबोधित करने के क्रम का निर्धारण करने, भाषण के लिए समय सीमा तय करने, जब उसकी राय में मामले पर पर्याप्त चर्चा हो चुकी हो तो मामले पर बंदी लागू करने तथा सभा स्थगित करने का उसे विशेष तौर पर अधिकार रहेगा।

60. सामान्य सभा में उपस्थित रहने के हकदार व्यक्ति —

i) उप विनियम (ii) के प्रावधानों के अधीन सभी निदेशक तथा सभी शेयरधारक सामान्य सभा में उपस्थित रहने के हकदार होंगे।

ii) सामान्य सभा में उपस्थित रहने वाले शेयरधारक (जो केन्द्र सरकार नहीं हो) या निदेशक को पहचान के प्रयोजनार्थ तथा अपने मताधिकार के निर्धारण के लिए एक फॉर्म हस्ताक्षर कर बैंक को देना होगा जिसमें निम्नलिखित से संबंधित विवरण अध्यक्ष द्वारा दिए जाएंगे :

क) उसका पूरा नाम तथा पंजीकृत पता

ख) उसके शेयरों की विशिष्ट संख्या

ग) क्या वह मत देने का हकदार है और उन मतों की संख्या जिनका वह व्यक्तिगत तौर पर या प्रतिपत्र द्वारा या विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में हकदार है।

61. सामान्य सभाओं में मतदान —

i) किसी सामान्य सभा में, सभा के मतदान के अधीन प्रस्ताव का निर्धारण हाथ उठाकर किया जाएगा जब तक कि मतगणना की मांग न की जाए।

ii) अधिनियम में अन्यथा प्रावधानित को छोड़कर सामान्य सभा में प्रस्तुत प्रत्येक मामले का निर्णय बहुमत से किया जाएगा।

iii) प्रस्ताव को हाथ उठाकर या सर्वसम्मति से या विशेष बहुमत से मान लिए जाने संबंधित सभा अध्यक्ष की घोषणा और सभा की कार्यवाही का कार्यवृत्त दर्शानेवाली बही में इससे संबंधित प्रविष्टि, ऐसे प्रस्ताव के पक्ष या विपक्ष में डाले गए मतों की संख्या या अनुपात के सबूत बिना तथ्य का निश्चायक प्रमाण होगी जब तक कि उप विनियम (i) के अंतर्गत मतगणना की मांग न की जाए।

iv) किसी प्रस्ताव पर हाथ उठाकर मतदान करने के परिणाम की घोषणा के पहले या घोषणा करने पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा स्वयं के प्रस्ताव से मतगणना का आदेश दिया जा सकता है या व्यक्तिगत रूप से या प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित किसी शेयरधारक या शेयरधारकों द्वारा इस संबंध में मांग किए जाने पर उसके द्वारा मतगणना किए जाने का आदेश दिया जाएगा तथा बैंक के शेयरधारक

होने से प्रस्ताव पर मत देने का अधिकार रखने वाले शेयरधारकों की संख्या प्रस्ताव के संबंध में कुल मत शक्ति से 1/5 से कम न हो।

v) मतगणना की मांग करने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा किसी भी समय मांग वापस ली जा सकती है।

vi) सभा के स्थगन या सभा के अध्यक्ष के चुनाव के सवाल पर मतगणना की मांग तत्काल मानी जाएगी।

vii) किसी अन्य सवाल पर मतगणना की मांग, पर अध्यक्ष द्वारा निर्देशित समय पर मानी जाएगी परंतु वह समय मांग किए जाने से 48 घंटे के भीतर होगा।

viii) किसी व्यक्ति की मत देने की योग्यता के संबंध में तथा मतगणना के मामले में किसी व्यक्ति द्वारा प्रयुक्त किए जाने योग्य मतों की संख्या के संबंध में सभा अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा।

62. सामान्य सभा का कार्यवृत्त —

i) बैंक सभी कार्यवाहियों का कार्यवृत्त इस प्रयोजनार्थ रखी गयी बहियों में दर्ज करेगा।

ii) जिस सभा में कार्यवाही की गयी हो उस सभा के अध्यक्ष द्वारा या अगली सभा के अध्यक्ष द्वारा यदि किसी सभा का कार्यवृत्त हस्ताक्षरित प्रतीत होता हो तो ऐसा कार्यवृत्त कार्यवाही का प्रमाण होगा।

iii) जबतक कि विपरीत सिद्ध न किया जाए कार्यवाहियों के इस प्रकार बताए गए कार्यवृत्त के संबंध में प्रत्येक सामान्य सभा विधिवत बुलाई गई एवं आयोजित मानी जाएगी तथा उससे की गयी सभी कार्यवाहियां विधिवत की गयी मानी जाएगीं।

.....

निदेशकों का चुनाव

63. सामान्य सभा में निदेशकों का चुनाव किया जाना —

i) अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (i) के अंतर्गत बैंक की साधारण सभा में केन्द्र सरकार को छोड़कर रजिस्टर में दर्ज शेयरधारकों द्वारा उनमें से ही निदेशक का चुनाव किया जाएगा।

ii) जब किसी सभा में निदेशक का चुनाव किया जाता है तो सभा आयोजित करने की सूचना में उसकी सूचना भी सम्मिलित की जाएगी। ऐसी प्रत्येक सूचना में चुने जाने वाले निदेशकों की संख्या तथा उन पदों के विवरण का उल्लेख होगा जिसके संबंध में चुनाव किया जाना है।

64. शेयरधारकों की सूची —

i) इन विनियमों के विनियम 63 के उप-विनियम (i) के अंतर्गत निदेशक के चुनाव के प्रयोजनार्थ रजिस्टर में दर्ज उन शेयरधारकों की सूची तैयार की जाएगी जिनके द्वारा निदेशक का चुनाव किया जाता है।

ii) सूची में शेयरधारकों के नाम, पंजीकृत पते, शेयरों की संख्या तथा उनके निर्दिष्ट क्रमांक, शेयरों के पंजीकरण की तारीख तथा जिस सभा में चुनाव किया जाना है उसके लिए निर्धारित तारीख को उनके मतों की संख्या का उल्लेख होगा तथा सूची की प्रतियां प्रबंधन समिति के मंडल (बोर्ड) द्वारा निर्धारित कीमत पर सभा के लिए निश्चित तारीख से कम से कम तीन सप्ताह पहले प्रधान कार्यालय में आवेदन करने पर खरीदी जा सकेगी।

65. चुनाव के लिए प्रत्याशियों का नामांकन —

i) निदेशक के रूप में चुने जाने के लिए किसी प्रत्याशी का कोई भी नामांकन तब तक वैध नहीं होगा जब तक कि निम्नलिखित शर्तें पूरी न हो।

क) वह बैंक में 100 शेयरों का शेयरधारक हो

ख) नामांकन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को अधिनियम या योजना के अंतर्गत उसे निदेशक होने के अयोग्य घोषित नहीं किया गया हो।

ग) उसके द्वारा अकेले या अन्यों के साथ संयुक्त रूप से धारित शेयरों के संबंध में मांग के भुगतान के लिए निर्धारित अंतिम तारीख को या उससे पहले उसने सभी मांग (कॉल) का भुगतान कर दिया हो।

घ) नामांकन लिखित रूप में हो तथा अधिनियम के अंतर्गत निदेशकों का चयन करने के लिए हकदार कम से कम एक सौ शेयरधारकों द्वारा या उनके विधिवत नियत एटर्नी द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए परंतु कंपनी के रूप में शेयरधारक द्वारा नामांकन किया गया हो तो जिस सभा में

प्रस्ताव पारित हुआ तो उस सभा के अध्यक्ष द्वारा सत्यापित प्रस्ताव की सत्य प्रतिलिपि बैंक के प्रधान कार्यालय को प्रेषित की जाएगी तथा ऐसी प्रतिलिपि को उस कंपनी की ओर से किया गया नामांकन माना जाएगा।

ङ) नामांकन के साथ या नामांकन में न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट, एश्योरेन्सेस के रजिस्ट्रार या उप-रजिस्ट्रार या अन्य राजपत्रित अधिकारी या भारतीय रिजर्व बैंक या राष्ट्रीयकृत बैंक के किसी अधिकारी के समक्ष प्रत्याशी द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा हो कि वह नामांकन स्वीकार करता है और चुनाव के लिए खड़े होने का इच्छुक है और अधिनियम या योजना या इन विनियमों के अंतर्गत उसे निदेशक बनने के अयोग्य घोषित नहीं किया गया है।

ii) कोई भी नामांकन तबतक वैध नहीं होगा जब तक कि नामांकन के साथ सभी तरह से पूर्ण सभी संबंधित दस्तावेज सभा के लिए निर्धारित तारीख से कम से कम चौदह दिन पहले किसी कार्य दिवस के बैंक के प्रधान कार्यालय में प्राप्त नहीं हो जाते।

66. नामांकनों की जांच —

